ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हिंदी ऑनलाइन कक्षा

कक्षा - नवी

विषय – हिंदी
पाठ : ६
पाठ का नाम : रहीम के दोहे
PPT-5

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

निम्नलिखित का भाव स्पष्ट कीजिए-

प्रश्न 1 - टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाय।

उत्तर - जब कोई धागा एक बार टूट जाता है तो फिर उसे जोड़ा नहीं जा सकता। जोड़ने की कोशिश में उस धागे में गाँठ पड़ जाती है। किसी से रिश्ता जब एक बार टूट जाता है तो फिर उस रिश्ते को दोबारा जोड़ा नहीं जा सकता। उसमे पहले जैसा कुछ नहीं रहता।

प्रश्न 2 - सुनि अठिलैहैं लोग सब, बाँटि न लैहैं कोय।

उत्तर - अपने दर्द को दूसरों से छुपा कर ही रखना चाहिए। जब आपका दुर्द किसी अन्य को पता चलता है तो लोग उसका मजाक ही उड़ाते हैं। कोई भी आपके दर्द को बाँट नहीं सकता। सभी आपके दर्द में आपका मजाक ही बनाते हैं अतः सही है कि आप आपने दर्द को अपने मन में ही रखें।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

प्रश्न 3 - रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै, फलै अघाय।

उत्तर - एक बार में कोई एक कार्य ही करना चाहिए। एक काम के पूरा होने से कई काम अपने आप हो जाते हैं। यदि एक ही साथ आप कई लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करेंगे तो कुछ भी हाथ नहीं आता। यह वैसे ही है जैसे जड़ में पानी डालने से ही किसी पौधे में फूल और फल आते हैं।

प्रश्न 4 - दीरघ दोहा अरथ के, आखर धीरे आहिं।

उत्तर - किसी भी दोहे में कम शब्दों में ही बहुत बड़ा अर्थ छिपा होता है। यह वैसे ही होता है जैसे नट की कुंडली होती है। नट अपनी कुंडली में सिमट कर तरह तरह के आश्चर्यजनक करतब दिखा देता है।

प्रश्न 5 - नाद रीझि तन देत मृग, नर धन देत समेत।

उत्तर - हिरण किसी के संगीत से खुश होकर अपना शरीर न्योछावर कर देता है। इसी तरह से कुछ लोग दूसरे के प्रेम से खुश होकर अपना सब कुछ दे देते हैं। परन्तु कुछ लोग इतने स्वार्थी होते हैं कि वे दूसरों से तो बहुत कुछ ले लेते हैं लेकिन खुद बदले में कुछ भी नहीं देते।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

प्रश्न 6 - जहाँ काम आवे सुई, कहा करै तरवारि।

उत्तर - जहाँ छोटी चीज की जरूरत होती है वहाँ पर बड़ी चीज बेकार हो जाती है। जैसे जहाँ सुई की जरूरत होती है वहाँ तलवार का कोई काम नहीं होता। अतः किसी को छोटा समझ कर उसका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

प्रश्न 7 - पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून।

उत्तर - बिना पानी के न तो मोती बनता है, न आटा गूँधा जा सकता है और पानी के बिना मनुष्य जीवन भी असंभव है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

निम्नलिखित भाव को पाठ में किन पंक्तियों द्वारा अभिव्यक्त किया गया है-

प्रश्न 1 - जिस पर विपदा पड़ती है वही इस देश में आता है।
उत्तर - जा पर बिपदा पड़त है, सो आवत यह देस

प्रश्न 2 - कोई लाख कोशिश करे पर बिगड़ी बात फिर बन नहीं सकती।
उत्तर - बिगरी बात बनै नहीं, लाख करौ किन कोय।

प्रश्न 3 - पानी के बिना सब सूना है अत: पानी अवश्य रखना चाहिए।
उत्तर - रहिमन पानी राखिए, बिनु पानी सब सून।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

उदाहरण के आधार पर पाठ में आए निम्नलिखित शब्दों के प्रचलित रूप लिखिए –
उदाहण : कोय – कोई , जे - जो

ज्यों	जैसे	कछु	कुछ
नहि	नहीं	कोय	कोई
धनि	धन्य	आखर	अक्षर
जिय	जी	थोरे	थोड़े
होय	होना	माखन	मक्खन

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

तरवारि	तलवार	सींचिबो	सींचना
मूलहिं	मूल को	पिअत	पीना
पिआसो	प्यासा	बिगरी	बिगड़ी
आवे	आए	सहाय	सहायक
ऊबरै	उबरना	बिनु	बिना
बिथा	व्यथा	अठिलैहैं	हँसी उड़ाना
परिजाए	पड़ जाए		

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow